प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए कुशल और नागरिक–केंद्रित प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षमता निर्माण आयोग और मिशन कर्मयोगी हर भारतीय की आकांक्षाओं के अनुरूप आधुनिक, समर्पित और उत्तरदायी कार्यबल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार, शासन का प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने गर्वनेंस के लिए 'नागरिक देवो भवः' के मंत्र को सर्वोपरि बताया।

.....

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह निर्णय घरेलू उद्योगों में आवश्यक पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अस्थायी रूप में लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इससे संबंधित क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम होगा और आपूर्ति में स्थिरता आएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि कुल चालीस वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है। इनमें मेथेनॉल, अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमेथेन और विनाइल क्लोराइड मोनोमर शामिल हैं।

प्रदेश में किसानों को खरीफ बुवाई के दौरान गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुण नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ये अभियान 30 अप्रेल तक चलेगा। कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने बताया कि अभियान के तहत खाद और उर्वरक वितरण को सुव्यवस्थित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रूप से अनुदानित यूरिया के गैर–कृषि और औद्योगिक उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के लिए व्यापक निरीक्षण तथा प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को अभियान को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने को कहा।

हनुमान जन्मोत्सव पर आज प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है। हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है। मंदिरों में बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। कई जगह मेले भी भरे है। बालोतरा के जेठनतरी में बजरंग गैर मेला भरा है, जहां ग्रामीण हाट बाजार भी सजा हुआ है। साथ ही शोभायात्रा निकाली जा रही है। चूरू के सालासर बालाजी में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भगवान हनुमान भक्ति, शक्ति और अटूट समर्पण के अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर ने सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। इस बीच आज संत पीपाजी की जयंती भी मनायी जा रही है। पाली में मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पीपाजी महाराज के संदेशों पर आधारित झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। जयपुर संभाग में एक–दो स्थानों पर गरज के साथ हल्की बरसात हुई। इस बीच तापमान में उतार चढाव का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग से मिले आकडो के अनुसार 38 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस के साथ चित्तौडगढ सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने आज दोपहर बाद जैसलमेर, बाडमेर, फलौदी और बीकानेर के कुछ हिस्सों में आंधी बारिश की गतिविधियों में फिर से बढोतरी होने की संभावना व्यक्त की है। कल और परसों पश्चिमी विक्षोभ का असर तेज रहने की संभावना है। इस दौरान सातों संभागों में कहीं–कहीं गरज के साथ आंधी चलने और

केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट किया है कि सभी उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री लाल ने कहा कि यदि उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनते हैं, तो इससे न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि राज्यों और बिजली कंपनियों को भी लाभ होगा। विद्युत मंत्री ने कहा कि जहां भी प्रीपेड सिस्टम लागू किए गए हैं, वहां कंपनियों का घाटा समाप्त हो गया है और वे लाभ में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि उचित बिल वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर शुरू किए जा रहे हैं।